**Form-III**

फर्द अहकाम

(नियम 226)

अज अदालत अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सरदारशहर, जिला-चूरू

कुबेर फाईनेंस बनाम रेखा

किस्म मुकदमा नंबरी फौजदारी (परिवाद) प्रकरण सं. 344/2019 (सी.आई.एस. 308/2019)

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए |
|---|---|---|
| **03.11.2022** | परिवादी कुबेर फाईनेंस एंड इंडवेस्टमेंट कंपनी की ओर से प्रोपराईटर मनीष दर्जी मय अधिवक्ता श्री जसवंत स्वामी उप.। अभियुक्ता रेखा अनुपस्थित।<br><br>पत्रावली का अवलोकन किया। गत पेशी पर अभियुक्ता को जारी गिरफ्तारी वारंट अभियुक्ता के घर पर हाजिर नहीं मिलने व घर बंद होने की रिपोर्ट के साथ लौटा था तथा पूर्व में जारी गिरफ्तारी वारंट भी अभियुक्ता के घर पर नहीं मिलने की रिपोर्ट के साथ लौटा है। अभियुक्ता को जारी जमानती वारंट अभियुक्ता के घर पर नहीं मिलने तथा अभियुक्ता के जेठ द्वारा अभियुक्ता के बाहर गए हुए होने की रिपोर्ट के साथ पत्रावली पर है। अभियुक्ता को पूर्व में जारी सम्मन अभियुक्ता स्वयं पर बाद तामील पत्रावली पर है। इससे यह दर्शित है कि प्रकरण की अभियुक्ता को जानकारी है, लेकिन अभियुक्ता जानबुझकर न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं आ रही है। प्रकरण वर्ष 2019 से लंबित है। अभियुक्ता गिरफ्तारी के भय से रूहपोश हो चुका है। निकट भविष्य में अभियुक्ता के मिलने की संभावना नहीं है, इसलिए <u>अभियुक्ता रेखा पत्नी महेंद्र, निवासीनी- वार्ड नं.14, भीकमसिंह कॉलोनी, बीकानेर रोड़, कस्बा सरदारशहर, जिला चूरू</u> को प्रकरण में मफरूर घोषित किया जाता है। अभियुक्ता के विरूद्ध स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी हो। धारा 82, 83 दंड प्रक्रिया संहिता की कार्यवाही अभियुक्ता के विरूद्ध पृथक से खोली जावे।<br><br>परिवादी ने साक्ष्य शपथ पत्र व फेहरिश्त मय दस्तावेज पेश किए। परिवादी की साक्ष्य लेखबद्ध की जाकर दस्तावेजात पर प्रदर्श डाले गए। अभियुक्त के मफरूर होने से इस गवाह से जिरह करने का अवसर समाप्त किया गया। अधिवक्ता परिवादी ने और साक्ष्य पेश नहीं करना जाहिर किया । अतः साक्ष्य परिवादी बंद की जाती है। प्रकरण मफरूरी में फैसल शुमार किया जा रहा है , इसलिए पत्रावली का कोई भी भाग नष्ट नहीं किया जावे , इस आशय का नोट पत्रावली के मुख्य पृष्ठ पर अंकित किया जावे।<br><br>पत्रावली मफरूरी में फैसल शुमार होकर नियमानुसार दाखिल दफतर हो।<br><br>(विजय प्रताप गोस्वामी)<br>अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,<br>सरदारशहर, जिला-चूरू | |

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए |
|---|---|---|
| | | |